# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 13 मार्च।** भाजपा की केन्द्र सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति के विरोध में आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा चलो राजभवन मार्च आयोजित हुआ। इस अवसर पर सिविल लाईन्स फाटक पर आयोजित सभा को राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा सहित राज्य सरकार के मंत्रीगण एवं वरिष्ठ नेताओं ने सम्बोधित किया।

सभा को सम्बोधित करते हुये प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि केन्द्र सरकार तथा सत्ता में बैठे भाजपा के नेताओं द्वारा आमजनता के हितों पर कुठाराघात करते हुये अडानी को लाभ पहुँचाने हेतु जो घोटाला किया गया है उसके विरूद्ध अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस पार्टी द्वारा जेपीसी गठन कर घोटाले की जॉंच की मांग हेतु राजभवन घेराव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देशभर में घर-घर अडानी के मुद्दे पर चर्चा हो रही है तथा आम जनता का यह मत है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अडानी को बेजा फायदा पहुँचाकर राजनैतिक रोटियां सेकी एवं बड़े-बड़े चुनाव लड़े हैं। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने अडानी को फायदा पहुँचाने का कार्य किया जिस कारण उद्योगपतियों की लिस्ट में 700 नम्बर से विश्व के दूसरे नम्बर के अमीरों की गिनती में शामिल हुये। उन्होंने कहा कि जिन कम्पनियों एवं सार्वजनिक संस्थानों को कांग्रेस की सरकारों ने बनाया उनमें से एलआईसी एवं एसबीआई का पैसा केन्द्र सरकार के ईशारे पर अडानी की कम्पनियों में इनवेस्ट किया गया तथा देश के लाखों लोगों की गाढ़ी कमाई को अडानी को फायदा पहुँचाने हेतु निवेश किया गया। इसी प्रकार एयरपोर्ट, बंदरगाह, रेल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों को 30 साल के लिये अडानी को सौंपकर ना सिर्फ अडानी को लाभ पहुँचाने का कार्य किया गया बल्कि देश की जनता के हितों के विपरीत कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि देश में जो भी लाभकारी व्यवसाय होता है वह अडानी को सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम जनता को लाभान्वित करने की बजाए केन्द्र सरकार ने अडानी जैसे चुनिन्दा उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाने का कार्य किया है जो कि आम जनता की गाढ़ी कमाई एवं पूंजी का दुरूपयोग है। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी

2..........

Created by Universal Document Converter

ने चुनावों में नारा दिया था कि देश नहीं बिकने दूंगा, किन्तु सत्ता पाते ही सार्वजनिक उपक्रम जिन्हें कांग्रेस की सरकारों ने बनाया था, को बेचने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के इन जनविरोधी फैसलों की जानकारी गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी जाकर जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कांग्रेस को करना है।

श्री डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे तथा हमारे नेता श्री राहुल गाँधी ने संसद में अडानी के मुद्दे को उठाया एवं एसबीआई व एलआईसी को अडानी कम्पनियों में निवेश पर सवाल उठाये, तो प्रधानमंत्री ने अपने जवाब में इस मुद्दे पर एक शब्द भी नहीं बोला और ना ही संसद में जवाब दिया कि क्यों सभी विदेशी ठेके अडानी को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री संसद में एसबीआई और एलआईसी की पूंजी को अडानी की कम्पनियों में निवेश करने तथा एलआईसी एवं एसबीआई की पूंजी का इस निवेश के कारण नुकसान होने पर जवाब नहीं देते हैं तथा जेपीसी के गठन के मुद्दे पर भी मौन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था जिस कारण आज गरीब आदमी ऋण प्राप्त कर अपना व्यवसाय कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा कहे गये जुमले अब जनता की समझ में आ गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बार-बार स्वयं को ईमानदार बताकर सफाई देते हैं जबकि जनता को स्पष्ट समझ में आ गया है कि जो गलत होता है वह बार-बार सफाई देता है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाने हेतु जो निर्देश प्रदान किये हैं उसका लाभ उठाते हुये कांग्रेसजनों को राजस्थान प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्लैगशिप योजनाओं से आम जनता को अवगत कराना है। साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गलत नीतियां जिसके कारण देश की जनता को लाभान्वित करने की बजाए चंद उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाया जा रहा है वह भी आमजन के सामने उजागर करना है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन मिलकर आम जनता को जागरूक करें तथा बतायें कि किस प्रकार कांग्रेस सरकारों ने 70 साल में सार्वजनिक उपक्रम रेल, बंदरगाह, एयरपोर्टों का विकास किया तथा अब मोदी सरकार द्वारा इन्हें बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में मंहगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है किन्तु अडानी जो कि 700वें नम्बर पर आते थे आज विश्व के दूसरे नम्बर के अमीर बन गये हैं, यह सभी आम जनता को नुकसान पहुँचाने एवं व्यक्ति विशेष को लाभ देने की नीति के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता केन्द्र सरकार की इस नीति एवं जन विरोधी निर्णयों की जानकारी आमजन तक पहुँचाकर प्रदेश में होने वाले आगामी

3..........

Created by Universal Document Converter

विधानसभा चुनावों में पुन: कांग्रेस की सरकार बनाने तथा वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में केन्द्र की सत्ता से भाजपा को उखाड़ फेंकने हेतु जुट जायें।

राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज पूरे देश में अडानी के मुद्दे पर जेपीसी गठन कर जाँच कराने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा राजभवन घेराव का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने कहा कि अंग्रेज जब भारत में आये थे तो ईस्ट इण्डिया कम्पनी के नाम पर व्यापारी के रूप में आये थे जिसके पश्चात् अंग्रेजों ने 200 वर्षों तक देश को लूटने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि अब यही कार्य मोदी सरकार एवं अडानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने घुसकर मारेंगे जैसे जुमले जनता को दिये लेकिन आये दिन चीन की घुसपैठ के समाचार प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के महान् नेताओं ने देश की आजादी का संघर्ष बिना किसी अपेक्षा के किया था तथा तब नेताओं ने कभी यह नहीं सोचा था कि आगे जाकर सांसद या विधायक बनेंगे, बल्कि केवल आजादी की आशा करते हुये अनुशासन के साथ संघर्ष किया था। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजनों को अपने महान् नेताओं से प्रेरित होकर अनुशासन के साथ पार्टी को मजबूत करने का कार्य करना चाहिये तथा अपने स्वार्थों को परे रखकर आमजन के लिये लड़ना चाहिये। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस का प्रथम लक्ष्य फासीवादी ताकतों से देश को बचाने का है, यदि भाजपा को हरा देंगे तो अडानी जैसे अपने आप समाप्त हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि पहले पार्टी की मजबूती के लिये कार्य करें उसके पश्चात् स्वयं की सोचें। उन्होंने कहा कि जो पार्टी के लिये कार्य करेगा वही टिकिट और पद पायेगा, किसी के कहने से पद या टिकिट नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आज पार्टी के सामने एक ही लक्ष्य होना चाहिये कि भाजपा से लड़कर देश को बचायें अन्यथा फासीवादी ताकतें देश को बर्बाद कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता स्वयं को देशभक्त बताते हैं किन्तु देश के लिये फांसी पर छड़ने वाले, पुलिस की गोली खाने वाले तथा अपना सर्वस्व देश के लिये न्यौछावर करने वाले नेता तो कांग्रेस के थे, भाजपा का देश की आजादी में कोई योगदान कभी नहीं रहा। उन्होंने कहा कि राजस्थान से भाजपा की समाप्ति के अभियान की नींव रखी जा रही है तथा राजस्थान से ही भाजपा को हराने की लड़ाई प्रारम्भ हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजनों का कर्त्तव्य है कि घर-घर जाकर लोगों को पार्टी से जोड़े तथा मोदी सरकार द्वारा देश को कमजोर करने एवं सरकारी उपक्रमों को बेचने की जानकारी आमजन तक पहुँचायें। उन्होंने कहा कि आज देश के बेरोजगार नौजवान अपनी-अपनी

4..........

Created by Universal Document Converter

जमीनें बेचकर रोजगार की तलाश में विदेश जा रहे हैं, उन्हें रोकने का काम कांग्रेस ही करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने किसानों का 14 हजार करोड़ रूपये का ऋण माफ किया, इससे पहले यूपीए सरकार ने 72 हजार करोड़ रूपये का किसानों का ऋण माफ किया था, लेकिन मोदी सरकार किसानों के हित में कोई निर्णय नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार राजस्थान की कांग्रेस सरकार के प्रस्ताव जिसके तहत् राजस्थान के शेष रहे किसानों के ऋण को राष्ट्रीयकृत बैंकों से वन टाईम सैटेलमेंट करवाने पर मौन है। इसी के साथ ही राजस्थान की महत्वकांक्षी योजना ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा ना देकर प्रदेश के किसानों के साथ वादाखिलाफी कर रही है जबकि राजस्थान की सरकार ने ईआरसीपी को स्वयं के संसाधनों से पूरा करने का निर्णय आम जनता एवं किसानों के हित में लिया है।

श्री रंधावा ने कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं एवं विधायकों को सलाह देते हुये कहा कि राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनावों में जीत सुनिश्चित करने हेतु घर-घर जायें तथा आम जनता के कार्यों को सर्वोपरि मानते हुये पूरा करवायें। उन्होंने कहा कि यदि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर आम जनता के बीच में जायेंगे तो आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत होगी, साथ ही वर्ष 2024 में केन्द्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि सभा को राज्य सरकार के मंत्री डॉ. महेश जोशी, श्री भजनलाल जाटव, श्री सालेह मोहम्मद, श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, गुजरात प्रभारी डॉ. रघु शर्मा, पंजाब प्रभारी श्री हरीश चौधरी, श्री पवन गोदारा, श्री मांगीलाल गरासिया, श्री ललित तूनवाल, श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज, श्री देशराज मीणा, श्री आर. आर. तिवाड़ी ने भी सम्बोधित किया।

चतुर्वेदी ने बताया कि आज दोपहर 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारीगण, जिलाध्यक्षगण, ब्लॉक अध्यक्षगण, निगम/बोर्ड के अध्यक्षगण व उपाध्यक्षगण तथा अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत भी उपस्थित रहे। प्रभारी श्री रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष श्री डोटासरा एवं मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों के साथ संवाद करते हुये फीडबैक लिया तथा कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। प्रदेशाध्यक्ष श्री डोटासरा ने सभी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षगण को

5..........

Created by Universal Document Converter

ब्लॉक कार्यकारिणी बनाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी से अनुमोदन करवाने हेतु निर्देशित किया तथा उन्होंने आह्वान किया कि सभी ब्लॉक अध्यक्षगण अपने-अपने क्षेत्रों में राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी फ्लैगशिप योजनाओं के प्रचार-प्रसार में जुट जायें तथा जनता के समक्ष मोदी सरकार की विफलताओं को उजागर करें। प्रभारी श्री रंधावा ने सभी उपस्थित सभी कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने के निर्देश प्रदान किये। मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने सभी उपस्थित कांग्रेसजन को सम्बोधित करते हुये कहा कि जनता के बीच व्यवहार कुशल नेता की छवि बनाये तथा अपने-अपने क्षेत्रों में रहने वाले आम लोगों की सहायता करने एवं सुख-दु:ख में शामिल होने में कोई कसर ना छोड़े। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अधिवेशन बुलाकर राज्य सरकार के बजट हेतु प्रस्ताव पारित किये थे जिन्हें राजस्थान सरकार ने जनता की मांग मानकर बजट प्रस्ताव में शामिल किया। उन्होंने कहा कि सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां अपने-अपने क्षेत्र में आम जनता द्वारा चाहे गये कार्यों का प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजेंगे तो सरकार द्वारा उन प्रस्तावों के आधार पर उक्त क्षेत्र की जनता के विकास के लिये त्वरित रूप से निर्णय लिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के कारण उनकी पहचान बनी है तथा यही तथ्य सभी कांग्रेसजनों पर लागू होते हैं इसलिये सभी कांग्रेसजनों को पार्टी के हित में एवं पार्टी को मजबूत करने के लिये अपना-अपना योगदान देना चाहिये।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter